MantraMaya.com

गणेश आरती

जय गणेश, जय गणेश देवा

जय गणेश, जय गणेश, जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥

एक दंत दयावंत, चार भुजा धारी ।
माथे सिंदूर सोहे, मूसे की सवारी ॥

जय गणेश, जय गणेश, जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥

पान चढ़े फल चढ़े, और चढ़े मेवा ।
लड्डुअन का भोग लगे, संत करें सेवा ॥

जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥

अंधन को आंख देत, कोढ़िन को काया ।
बांझन को पुत्र देत, निर्धन को माया ॥

जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥

'सूर' श्याम शरण आए, सफल कीजे सेवा ।
माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥

जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥

दीनन की लाज रखो, शंभु सुतकारी ।
कामना को पूर्ण करो, जाऊं बलिहारी ॥

जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥

शेंदुर लाल चढ़ायो

शेंदुर लाल चढ़ायो अच्छा गजमुख को ।
दोंदिल लाल बिराजे सुत गौरिहर को ।
हाथ लिए गुडलद्दु सांई सुरवर को ।
महिमा कहे न जाय लागत हूं पद को ।
जय देव जय देव ॥०१॥

जय जय श्री गणराज विद्या सुखदाता ।
धन्य तुम्हारो दर्शन मेरा मन रमता ।
जय देव जय देव ॥०२॥

भावभगत से कोई शरणागत आवे ।
संतति संपत्ति सबहि भरपूर पावे ।
ऐसे तुम महाराज मोको अति भावे ।
गोसावीनन्दन निशिदिन गुण गावे ।
जय देव जय देव ॥०३॥

जय जय श्री गणराज विद्या सुखदाता ।
धन्य तुम्हारो दर्शन मेरा मन रमता ।
जय देव जय देव ॥०४॥

१, २, ३, ४ गणपती की जय जय कार

१, २, ३, ४
गणपती की जय जय कार ॥
५, ६, ७, ८
गणपतिजी हमारे साथ ॥
९, १०, ११, १२
गणपती है सबसे प्यारा ॥
१३, १४, १५, १६
गणपती है सबसे भोला ॥
१७, १८, १९, २०
गणपतीजी हमारे बीच ॥

गणपति बाप्पा मोरया । मंगल मूर्ति मोरया ॥
गणपति बाप्पा मोरया । मंगल मूर्ति मोरया ॥

बाप्पा बाप्पा, मोरया मोरया ।
मोरया मोरया, बाप्पा बाप्पा ।
बाप्पा बाप्पा, मोरया मोरया ।
मोरया मोरया, बाप्पा बाप्पा ॥

मोरया रे बाप्पा मोरया रे,
मोरया रे बाप्पा मोरया रे,
मोरया रे बाप्पा मोरया रे,
मोरया रे बाप्पा मोरया रे ।

गणपति बाप्पा मोरया ।
मंगल मूर्ति मोरया ॥